विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7(क) क्या बेसिक शिक्षामंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में ऐसे कितने प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय है जिनके भवन दिनाँक 31.12.2024 तक जर्जर हो चुकें है? | जनपद उन्नाव के कुल 304 परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय 31 दिसम्बर, 2024 तक जर्जर चिन्हित किये गये हैं। |
| (ख) उक्त जर्जर विद्यालयों का विवरण क्या है तथा छात्रहित में नवीन विद्यालय भवन का निर्माण कब तक करायेंगे? | बेसिक शिक्षा विभाग के शासनादेश संख्या 15/68-5-2020 दिनांक 22 जनवरी, 2020 तथा शासनादेश संख्या 855/68-5-2020 दिनांक 03 सितम्बर, 2020 में निहित प्राविधानानुसार तकनीकी समिति द्वारा जनपद उन्नाव में 206 प्राथमिक विद्यालय, 98 उच्च प्राथमिक विद्यालय / कम्पोजिट विद्यालय सहित कुल 304 विद्यालय जर्जर चिन्हित किये गये हैं।<br>उक्त चिन्हित जर्जर विद्यालयों के आवश्यकतानुसार समग्र शिक्षा अभियान की आगामी वर्षों की कार्ययोजना एवं बजट में चरणबद्ध रूप से पुनर्निर्माण कराया जाएगा। |

संदीप सिंह
राज्य मंत्री(स्वतन्त्र प्रभार)।